**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक–07 / प्र०–01(पें०)–10 / 2026– पटना / दिनांक–

प्रेषक,

संजय कुमार,
उप सचिव–01 (प्रबंधन)

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०)
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषयः– मो0 सईद अहमद, (आई०डी०–3975) सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता (कार्यकारी प्रभार), तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पूर्ण पेंशन (पूर्व स्वीकृत 90% औपबंधिक पेंशन को समायोजित करते हुये 40% रूपांतरण सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति।

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार ने मो0 सईद अहमद, (आई०डी०–3975) सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता (कार्यकारी प्रभार), तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पक्ष में संचालित विभागीय कार्यवाही के निष्पादनोपरांत पेंशन से कटौती संबंधी संसूचित दंड (05 प्रतिशत पेंशन की कटौती 01 वर्षो के लिए) के साथ पूर्ण पेंशन (पूर्व स्वीकृत 90% औपबंधिक पेंशन को समायोजित करते हुये 40% रूपांतरण सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया है। इनकी सेवानिवृत्ति की तिथि–31.01.2024 है। साथ ही मो0 अहमद से प्राप्त पेंशन प्रपत्र की दो मूल प्रति पूर्व में विभागीय पत्रांक–675 दिनांक–03.04.2024 के साथ संलग्न कर भेजी गयी है।

उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सूचित करना है कि मो0 सईद अहमद के जिम्मे गृह निर्माण अग्रिम, मोटरकार / मोटर साईकिल अग्रिम, विवाह, विविध एवं कम्प्यूटर अग्रिम बाकी / बेबाकी शून्य है। फिर भी आप अपने अभिलेखों से भी इसकी सम्पुष्टी कर लेंगे। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विभागीय एवं आवासीय बकाया शून्य है।

अतः अनुरोध है कि मो0 सईद अहमद, सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता (कार्यकारी प्रभार), तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के नाम से वांछित प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय। मो0 अहमद के पक्ष में पूर्व निर्गत पी0पी0ओ0 सं0–202411111037P0 है।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(संजय कुमार)
उप सचिव–01 (प्रबंधन)

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–10 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार सिंचाई भवन, पटना को प्रेषित करते हुये प्रमाणित करना है कि मो0 सईद अहमद, सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता (कार्यकारी प्रभार) को पूर्व में विभागीय पत्रांक–675 दिनांक–03.04.2024 द्वारा 90% औपबंधिक पेंशन स्वीकृत है।

ह0 / –

उप सचिव–01 (प्रबंधन)

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–10 / 2026– 2612 पटना, दिनांक– 15/06/2026

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी / मो0 सईद अहमद, पता–हाउस न0–C-1, आर0के0 नगर के नजदीक, एफ0सी0आई0 गोदान रोड, पो0+थाना–फुलवारीशरीफ, पटना–801505 मो0न0–9931221273 को सूचनार्थ प्रेषित।

2. कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, WRD, सूचना प्रावैधिक केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/06/26

उप सचिव–2 (प्रबंधन)